फा.सं. 18/2/2018-गो1/1

कर्मचारी चयन आयोग
गो-1/1 अनुभाग
***

विषय: संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2018- टियर-III में बैठने के लिए परिणाम की घोषणा के संबंध में ।

कर्मचारी चयन आयोग ने दिनांक 11.09.2019 से 14.09.2019 तक देश भर के विभिन्न केंद्रों में संयुक्त स्नातक स्तरीय (टियर-II) परीक्षा-2018 के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की थी।

2. परीक्षा की विज्ञप्ति के प्रावधानों के अनुसार, टियर-III परीक्षा में बैठने के लिए शार्ट लिस्ट किए जाने हेतु अभ्यर्थियों द्वारा टियर-। और टियर-।। में प्राप्त किए गए समग्र अंकों को देखा गया है।

3. टियर-।। के पेपर-। और पेपर-।। कई पालियों में आयोजित किए गए थे, इसलिए आयोग द्वारा उसकी वेबसाइट पर दिनांक 07.02.2019 को प्रकाशित सूत्र के अनुसार पेपर-। और पेपर-।। में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त किए अंकों को सामान्यीकृत किया गया है। परीक्षा के अगले स्तर (अर्थात टियर-।।।) के लिए अभ्यर्थियों की अर्हता के लिए इन सामान्यीकृत अंकों का प्रयोग किया गया है।

4. अभ्यर्थियों द्वारा टियर-I और टियर-II में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर, टियर-III परीक्षा में बैठने के लिए अभ्यर्थियों को श्रेणी-वार शार्ट-लिस्ट किया गया है। सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी और सहायक लेखा अधिकारी (सूची-1), सांख्यिकीय और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी (सूची-2) और अन्य सभी पदों (सूची-3) के लिए अलग-अलग कट-ऑफ निर्धारित की गई है।

5. संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2018 (टियर-III) में बैठने के लिए अर्हक होने वाले अभ्यर्थियों का विवरण निम्नानुसार है:

सूची-1: सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी और सहायक लेखा अधिकारी के पद के लिए टियर-III परीक्षा में बैठने हेतु अर्हक अभ्यर्थी :

	अ.जा.	**अ.ज.जा.**	**अ.पि.व.**	**अना.**	**अ.दि.**	**श्र.दि.**	**अन्य शा.दि.**	**कुल**
कट-ऑफ	463.1	460.2	510.9	572.5	409.2	347.3	168.0	

अंक [टियर-I+ टियर-II (पेपर-I+II+IV)]	5	1	2	1	6	5	4	
उपलब्ध अभ्यर्थी	841	421	1724	1762*	111	100	50	**5009**

* उपर्युक्त दर्शाए गए अना. अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अना. मानकों में अर्हता प्राप्त करने वाल 92-अजा., 17-अ.ज.जा, 744-अपिव और 1-अ.दि. अभ्यर्थी अपनी संबंधित श्रेणियों के अंतर्गत दर्शाए गए हैं।

सूची-2: कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी पद के लिए टियर-III परीक्षा में बैठने हेतु अर्हक अभ्यर्थी :

	अ.जा.	**अ.ज.जा.**	**अ.पि.व.**	**अना.**	**अ.दि.**	**श्र.दि.**	**दृदि.**	**अन्य शा.दि.**	**कुल**
कट-ऑफ अंक [टियर-I+ टियर-II (पेपर-I+II+III)]	433.95	403.95	517.76	535.86	348.50	223.46	267.51	165.04	
उपलब्ध अभ्यर्थी	478	301	583	955*	112	106	121	16	**2672**

* उपर्युक्त दर्शाए गए अना. अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अना. मानकों में अर्हता प्राप्त करने वाल 37-अजा., 10-अ.ज.जा, 421-अपिव और 3-अ.दि., 4-दृदि. अभ्यर्थी अपनी संबंधित श्रेणियों के अंतर्गत दर्शाए गए हैं।

सूची-3: सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी और कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी पदों को छोड़कर अन्य पदों के लिए टियर-III परीक्षा में बैठने हेतु अर्हक अभ्यर्थी :

	अ.जा.	**अ.ज.जा.**	**अ.पि.व.**	**अना.**	**भूपूसै**	**अ.दि.**	**श्र.दि.**	**दृदि.**	**अन्य शा.दि.**	**कुल**
कट-ऑफ अंक [टियर-I+ टियर-II (पेपर-I+II)]	354.74	327.05	400.33	433.00	255.12	302.50	165.73	280.98	122.58	
उपलब्ध अभ्यर्थी	8050	4022	15359	17439	3244	859	777	404	86	**50240**

* उपर्युक्त दर्शाए गए अना. अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अना. मानकों में अर्हता प्राप्त करने वाले 1320-अजा, 361-अजजा, 8373-अपिव 44-अदि, 4-श्रदि., और 22--दृदि. अभ्यर्थी अपनी संबंधित श्रेणियों के अंतर्गत दर्शाए गए हैं।

नोट-I: उभयनिष्ठ अभ्यर्थियों को छोड़कर, 50293 अभ्यर्थी टियर-III परीक्षा में बैठने के लिए अर्हक हैं।
नोट-II: जो अभ्यर्थी एक से अधिक सूची के लिए अर्हक हो रहे हैं, उन्हें टियर-III परीक्षा में केवल एक बार बैठना होगा।

6. टियर-III परीक्षा (वर्णनात्मक परीक्षा) का आयोजन दिनांक 29.12.2019 को निर्धारित किया गया है। परीक्षा के शहर और अर्हक अभ्यर्थियों के प्रवेशपत्र की जानकारी टियर-III परीक्षा के आयोजन से क्रमश: 15 दिन और 04 दिन पहले संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। तथापि, जो अभ्यर्थी प्रवेशपत्र डाउनलोड नहीं कर पाते हैं, वे तत्काल संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें। समय पर प्रवेशपत्र डाउनलोड करने दायित्व केवल अभ्यर्थियों का है।

7. उत्तर कुंजियों के बारे में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों की सावधानीपूर्वक जांच की गई है और जहां आवश्यक समझा गया है, उत्तर कुंजियों में संशोधन किया गया है। मूल्यांकन के लिए संशोधित उत्तर-कुंजियों का प्रयोग किया गया है।

8. अर्हक/अनर्हक अभ्यर्थियों के अंक और प्रश्नपत्रों व अंतिम उत्तर-कुंजियों को मानक प्रारूप में आयोग की वेबसाइट पर शीघ्र दर्शाया जाएगा।

अवर सचिव (गो.-1/1)
25.10.2019